# कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

कोरबा दिनांक 06.12.2024

फा.क. 959, 960 / उद्यान / 2024 /

## निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म–बी में जिन्हें उद्यानिकी कार्य का अनुभव हो से शेड्यूल अनुसार आइटम दरों पर निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 23.12.2024 अपरान्ह काल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 24.12.2024 अपरान्ह 03.00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रतिमागी शुल्क | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रिस्दी चौक के पास स्थित कृष्णकुंज उद्यान में लगे प्लांटेशन का वार्षिक रख रखाव कार्य (मरम्मत संधारण मद, द्वितीय निविदा) | 392985.00 | 4000.00 | 750.00 | फार्म बी | 12 माह | 24.12.2024 |
| 2. | कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट उद्यान का वार्षिक रख रखाव कार्य (मरम्मत संधारण मद, द्वितीय निविदा) | 397033.00 | 4000.00 | 750.00 | फार्म बी | 12 माह | 24.12.2024 |

### निविदा की शर्तेः–

1. निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से ही प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा आई.टी. आई. कॉलोनी रामपुर, कोसाबाड़ी जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** से डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
3. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   - (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   - (व) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   - (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनों लिफाफे होंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
4. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हें निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
5. इच्छुक ठेकेदारों/निविदाकार को निविदा के साथ पूर्व में इस प्रकार के किए गए **कार्यों की प्रमाणित सूची**, पिछले वित्तीय वर्ष का **आयकर चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन, पूर्व में उद्यानिकी कार्य से संबंधित किये गये कार्यों की कार्यपालन अभियंता या उससे उच्च अधिकारी से प्रमाणित सूची अथवा कार्यादेश की फोटोप्रति,** साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि एवं विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त एवं निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क. 04 के लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
7. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
8. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
9. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
10. ठेकेदार यदि प्रदाय कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

11. प्रदाय कार्य अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत्समय एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
12. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
13. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का आयुक्त महोदय का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
14. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।
15. उद्यान में संलग्न श्रमिकों का ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई.सी. समय पर जमा कर पावती देयक के साथ प्रस्तुत करना होगा तत पश्चात ही भुगतान किया जावेगा।
16. ठेकेदार द्वारा संपादित किये गये कार्यो के देयकों को भुगतान कार्य विशेष हेतु बजट आबंटन एवं राशि उपलब्धता के अनुसार किया जावेगा।

**नोटः–**

**17.** अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।

**18.** उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समय एवं स्थान माना जावे।

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

नाम ........................................................

पूर्ण पता ...................................................................

...........................................................

मोबाईल नं.– .........................................

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

पृष्ठा. क. 959, 960/उद्यान/2024/ कोरबा दिनांक 06.12.2024

प्रतिलिपि–

प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास नवा रायपुर को uad.cg.gov.in में अपलोड करने बाबत।

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

Annual rate Contract for Operation and Maintenanc of Plantation area Krishna Kunj Garden near Rishdi Chowk

| SN | DESCRIPTION | UNIT | QTY | Rate | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cleaning cutting of grass bushes shrubs and other unwanted plants and vagetation at Krishna Kunj Garden Risdi chowk as per direction of Garden in charge. The work includes watch and ward of Garden round the clock (24 Hours) and making ring basin around plants planter in Garden cutting and pruning of all plants. Water will provieded by department etc. | Square Meter | 12x 19264 | | |
| | Total | | **Total** | | |

Garden Supritendent
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

Executive Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)